**चुर्चा कोयला खान में अग्निकांड**

6237. **श्री गोविन्द राम गिरी :** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल में चुर्चा कोयला खान में आग लगने की कोई घटना हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो यह आग कब लगी थी और उसके क्या कारण थे;

(ग) उसमें आर्थिक और जान-माल की क्षति का ब्यौरा क्या है और इस मामले में दिये गये मुआवजा आदि का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या आग पर काबू पा लिया गया था और यदि हां, तो कब;

(ङ) उस पर कितनी धनराशि व्यय की गई थी और उनकी रोकथाम के लिये क्या-क्या उपाय किये गये हैं;

(च) इसके लिये जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है ; और

(छ) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) और (ख) जी, हां । दिनांक 2-10-1993 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लि० की चुर्चा कोलियरी में आग की दुर्घटना हुई थी । आग लगने के सही कारणों का पता नहीं लग पाया क्योंकि आग वाले स्थल को आग और आग न फैलने से रोकने के लिये सील कर दिया गया था ।

(ग) कोयला कम्पनी के अनुसार, कन्वेयर ड्राइव हैड तथा पी०बी०सी० वैल्डिंग की कुल लम्बाई जिसका मूल्य लगभग 2 लाख रु० का नुकसान हुआ है । तीन कामगारों, जिनकी इस अग्निकांड में मत्यु हो गई थी, के आश्रितों को दिये गये मुआवजे का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

| क्रम सं० | नाम | पदनाम | अदा किया गया मुआवजा (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुख लाल सुपुत्र श्री जोलार | पम्प खलासी | 59,868.00 |
| 2. | श्री समसुद्दीन सुपुत्र श्री रहमान | पम्प खलासी | 82,380.00 |
| 3. | श्री ए०झब्बार सुपुत्र श्री झुम्मनमियां | पम्प खलासी | 73,668.60 |

(घ) जैसा कि सील किये गये क्षेत्र के भीतर के वातावरण के परिणामों की समीक्षा से ज्ञात होता है कि आग पर नियंत्रण पा लिया गया है ।

(ङ) आग को नियंत्रित करने पर कुल व्यय 2.25 करोड़ (अनन्तिम) की राशि के होने का हिसाब लगाया गया है ।

कोयला कम्पनी द्वारा निम्नलिखित रोकथाम सबंधी कदम उठाये गये हैं:-

(i) कमियों को दूर करने के लिये समयबद्ध कार्यक्रम सहित प्रत्येक यूनिट के कमजोर क्षेत्रों का पता लगाने के लिये अक्तूबर, 1993 में विशेष टास्क-फोर्स गठित की गई थी । कम्पनी स्तर

पर इसके कार्यान्वियन का प्रबोधन किया जा रहा है।

(ii) साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लि० की सभी भूमिगत खानों का निरीक्षण करने के लिये विशेष सुरक्षा लेखा परीक्षा दल का गठन किया गया है।

(ग) और (छ) संबंधित एजेंट, प्रबंधक, कोलियरी सुरक्षा अधिकारी तथा कोलियरी इंजीनियर को आरोप-पत्र दिया गया है जबकि क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी तथा वेंटीलेशन अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है।

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लि० द्वारा इस्तेमाल की गई सामग्री की आपूर्ति हेतु सहायक उद्योग**

6238. **श्री गोविन्द राम मिरी :** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लि० द्वारा वहां लगने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु बिलासपुर संभाग के कितने उद्योगों को सहायक उद्योगों के रूप में मान्यता प्रदान की गई है और इस समय उनमें से कितने में उत्पादन हो रहा है ;

(ख) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० द्वारा खरीद करने के लिये प्रतिवर्ष कितनी धनराशि खर्च की जाती है और उनमें से कितने मूल्य का आर्डर बिलासपुर स्थित इन सहायक उद्योगों को दिया गया है ; और

(ग) क्या साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि०, बिलासपुर स्थित सहायक उद्योगों की क्षमता का पूरा-पूरा उपयोग कर रहा है ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री (अजित कुमार पांजा)** : (क) इस संबंध में शायद "सहायक कम्पनी" ऐसे सहायक उद्योग हैं, जोकि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० को सामग्री की आपूर्ति कर रहे हैं। बिलासपुर प्रभाग की 41 औद्योगिक यूनिटों को कोल इंडिया लि० की एक सहायक कम्पनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० द्वारा सहायक उद्योगों का स्तर प्रदान किया गया है।

(ख) वर्ष 1993-94 के दौरान साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० द्वारा प्रस्तुत किये गये 265.00 करोड़ रु० के खरीद की कुल कीमत के सामग्री आर्डरों में से 8.00 करोड़ रु० की कीमत के आर्डरों को उपर्युक्त सहायक उद्योगों पर प्रस्तुत किया गया था।

(ग) जी, हां।

**आर्थिक रूप से असक्षम कोयला खानें**

6239. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या **कोयला** मंत्री 28 फरवरी, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 676 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय कितनी कोयला खानें आर्थिक रूप से असक्षम पायी गई हैं;

(ख) इस संबंध में सरकार ने क्या उपयुक्त कदम उठाए हैं अथवा उठाने का विचार कर रही है ; और

(ग) सरकार ने इन खानों में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य के लिए क्या योजना बनायी है ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) से (ग) कोल इंडिया लि० (को० इं० लि०) द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार 18 खानों को चरणबद्ध रूप में बंद करने के लिए उनके द्वारा विनिर्दिष्ट कर लिया गया है इनमें से अब 3 खानों में क्रियाकलाप बंद कर दिए गए हैं। कार्यकलापों में सुधार करने के लिए चार खानों को अन्य खानों के साथ मिला दिया गया है/समाहित कर